भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2046
दिनांक 21 **मार्च**, 2022

ओएनजीसी का उत्पादन

2046#. **श्री राम नाथ ठाकुर**:
श्रीमती छाया वर्मा:
श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:
चौधरी सुखराम सिंह यादव:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के उत्पादन में गिरावट दर्ज हुई है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की इस कम्पनी के उत्पादन में उतार-चढ़ाव संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या यह भी सच है कि सार्वजनिक क्षेत्र की इस कम्पनी का लाभ बढ़ा है और विगत पांच वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान अकेले ओएनजीसी का कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन का ब्यौरा निम्नानुसार है: -

वर्ष	**कच्चे तेल का उत्पादन (मिलियन मीट्रिक टन)**	**प्राकृतिक गैस उत्पादन (बिलियन घन मीटर)**
2016-17	22.249	22.088
2017-18	22.305	23.484
2018-19	21.111	24.747
2019-20	20.714	23.853
2020-21	20.273	22.096

(ग) पिछले 5 वर्षों के दौरान ओएनजीसी द्वारा अर्जित करोपरांत लाभ (पीएटी) निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**करोपरांत लाभ (करोड़ रुपये में)**
2016-17	17,900
2017-18	19,945
2018-19	26,765
2019-20	13,464
2020-21	11,246

****